# SHRI RAM SWITCHGEARS LIMITED

**CIN:** L31200MP1985PLC003026
**Registered Office:** Shri Ram Bhawan, Goushala Road, Ratlam MP 457001 IN
**Tel. No.:** 07412 235554
**E-mail Id:** info@shriramswitchgears.com
**Website:** www.shriramswitchgears.com

---

**Date: September 09, 2026**

To,
The Listing Department
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai - 400 051

**Sub: Newspaper Advertisement-Completion of Dispatch of Notice of AGM of the Company to be held Physically at the Registered office of the company on Wednesday, September 30, 2026.**

**Dear Sir/Madam,**

With reference to the above subject, please find enclosed copies of the newspaper advertisement for AGM of the Company to be held physically at the registered office of the Company on **Wednesday, September 30, 2026 a**t 01.00 P.M. IST.

The advertisement appeared in newspapers –
1. Times of India
2. Prabhatkiran

on Wednesday, September 09, 2026.

You are requested to kindly take the same on record.

Thanking you

**Yours faithfully,**

**For Shri Ram Switchgears Limited**

ANJUL CHOUDHARY Digitally signed by ANJUL CHOUDHARY

**Anjul Choudhary**
**Whole time Director**
**DIN: 08752405**

**Enc.: A/a**

# जुआ खेलते आठ लोगों को पकड़ा

**रतलाम, नप्र।** जिले की रिंगनोद पुलिस ने बीती शाम एक बाड़े में दबिश देकर बड़ा जुआ पकड़ा है। नब्बे हजार से ज्यादा की नगदी सहित ताशपत्ते जब्त हुए है। मौके से आठ लोग पकड़ाए है जबकि जुआ खेलने के लिए बुलाने वाला पुलिस को देख मौके से भाग निकला।

रिंगनोद थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रिछागुर्जर में एक मकान के बाड़े में जुआ चल रहा है जहां कई लोग जमा है।

सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सूचना पुख्ता की जैसे ही बाड़े में दबिश दी, वहां से एक व्यक्ति पुलिस को देख भाग निकला। पुलिस ने मौके से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल ते आध लोगों को पकड़ा। युवकों ने पुलिस को अपने नाम मोहम्मद रफीक कचनारा दलोदा, जाफर, सिकंदर, पप्पू, नेपालसिंह कुचड़ोद अफजलपुर मंदसौर, मोहनलाल रिछागुर्जर , कैलाश सेमलिया काजी अफजलपुर मंदसौर तथा भंवरलाल निवासी रिछागुर्जर का होना बताया। पुलिस ने पकड़ाए युवकों के कब्जे से नब्बे हजार तीन सौ रुपए सहित ताशपत्ते जब्त कर जुआ एक्ट में अपराध कायम किया है। पुलिस ने मौके से भाग निकले युवक की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया पकड़ाए युवकों से पता चला है कि कि भाग निकला युवक ने उन्हें जुआ खेलने के लिए बुलाया था।

## हत्या का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**रतलाम, नप्र।** सैलाना पुलिस ने बोरदा में हुई हत्या का 72 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक भीमा की पत्नी घटना के बाद से फरार थी। उसे गुडभेली में पाया। पूछताछ में प्रेम संबंध की जानकारी देते हुए बताया कि इसके बारे में पति को पता चल गया था जिससे दोनों डर गए और राखी के पहले ही मारने की योजना ली थी पर मौका नहीं मिला। फिर जंगल में मारने का योजना था लेकिन वहां भी सफलता नहीं मिली। फिर सोते समय कुल्हाडी मारकर लाश बकरी वाले घर में डाल दी।

## दूसरों से नहीं, स्वयं से होड़ करें

**रतलाम, नप्र।** जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा आवश्यक हो सकती है, लेकिन दूसरों से अपनी तुलना करना व्यक्ति को भीतर से अशांत कर देता है। व्यक्ति को दूसरों से आगे निकलने की बजाय रोजाना खुद को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। यही वास्तविक प्रगति का मार्ग है।

समता भवन नौलाईपुरा में चिन्मयजी म.सा. ने जीवन के महत्वपूर्ण सूत्र को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। कहा कि संसार में मुख्यतः दो तरह के व्यक्ति होते हैं-एक वे जो हमेशा दूसरों से आगे निकलने की कोशिश में लगे रहते हैं और दूसरे वे जो निरंतर स्वयं को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। दूसरों से आगे निकलने की होड़ में रहने वाला व्यक्ति अक्सर बेचैनी, विकार और अस्वस्थता से घिरा रहता है जबकि खुद को प्रतिदिन बेहतर बनाने वाला व्यक्ति निरंतर आगे बढ़ता रहता है।

# कलेक्टर के नाम और फोटो की फर्जी व्हाट्सप आईडी!

### पैसों की मांग की आशंका, प्रशासन ने कहा– सावधान रहें

**रतलाम, नप्र।** रतलाम कलेक्टर अजय कटेसरिया के नाम और प्रोफाइल फोटो का गलत उपयोग कर सायबर ठगी कोशिश का मामला सामने आया है। एक फर्जी मोबाइल नंबर .639615402077 के जरिये कलेक्टर के नाम से लोगों को संदेश भी भेजे जा रहे हैं।

फर्जी नंबर पर प्रोफाइल में कलेक्टर का नाम और फोटो देखकर लोग भ्रमित हो सकते है, इसके लिए प्रशासन ने साफ किया हैं कि यह नंबर कलेक्टर का अधिकृत मोबाइल नंबर नहीं है। इसलिए इस नंबर पर कतई भरोसा नहीं करें। आशंका है कि सायबर ठग इस पहचान का इस्तेमाल कर लोगों से पैसों की मांग या अन्य तरह की धोखाधड़ी कर सकते है।

मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने खुद नागरिकों के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों को सावधान किया है कि फर्जी नंबर से आए मैसेज पर सर्तक रहे।

कलेक्टर कटेसरिया ने जिले के नागरिकों के साथ-साथ अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि उनके नाम, फोटो अथवा पद का कथित मोबाइल नंबर के व्हाट्सएप पर गलत उपयोग किया जा रहा है। इस नंबर के अलावा यदि किसी अनधिकृत नंबर से

### किसी तरह की जानकारी न दें– कलेक्टर की अपील

उनके नाम से कोई संदेश मिलता है तो उस पर विश्वास न करें। आगाह किया कि ऐसे संदेशों के जरिए लोगों से पैसों की मांग कर साइबर ठगी का प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने साफ किया कि .639615402077 नंबर उनका अधिकृत नंबर नहीं है। इस नंबर से आने वाले किसी भी संदेश या कॉल का जवाब नहीं दें और न ही इस नंबर के माध्यम से किसी बैंक खाते, यूपीआई अथवा अन्य माध्यम से राशि का भुगतान करें। कलेक्टर ने नागरिकों को आगाह करते हुए कहा कि साइबर अपराधी अक्सर वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम व फोटो का गलत उपयोग कर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश करते हैं, ऐसे में किसी भी अनजान नंबर से आने वाले संदेश की सत्यता की पुष्टि किए बिना कोई कार्रवाई न करें।

उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए सलाह दी कि अनजान नंबर से आने वाले संदेश की पहले पुष्टि करें, इसके बिना किसी भी तरह की अपनी व्यक्तिगत जानकारी अथवा बैंक खाते से संबंधित विवरण, ओटीपी पासवर्ड अथवा धनराशि किसी के साथ साझा न करें। किसी संदिग्ध संदेश या कॉल की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा कार्यालय से सीधे संपर्क कर उसकी पुष्टि करें।

## दवा दुकानों की जांच

**रतलाम, नप्र।** दवा दुकानों पर नशीली दवाओं की खरीदी-बिक्री का पता लगाने के लिए औषधि निरीक्षक ने कल जावरा में औचक निरीक्षण किया। दुकानदारों को समझाया कि पंजीकृत डाक्टर के पर्चे के बिना दवाओं का विक्रय नहीं किया जाएं।

औषधि निरीक्षक बलराम चौधरी ने विश्वकर्मा मेडिकल, हर्ष मेडिकल, धाकड़ मेडिकल, रूनवाल केमिस्ट और पाटीदार मेडिकल पहुंचकर नारकोटिक्स दवाओं की मौजूदगी और खरीदी-बिक्री की जांच पड़ताल की। दुकानदारों को दवाओं की खरीदी-बिक्री की जानकारी तीन दिवस में देने के निर्देश देते हुए चेताया कि तय समयावधि में जानकारी नहीं देने पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों को कॉपी-किताबें

**नामली, निप्र।** संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल नामली में प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को स्कूल और अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया।

नामली के चत्तर परिवार की ओर से यह आयोजन पद्मावती देवी की याद में किया गया। चत्तर परिवार के इस पहल की सराहना करते हुए स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने चतर परिवार सम्मान कर पद्मावती देवी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्राचार्य अनुसूया पिपरीवाल, संजय मेहता, मुकेश राठौर, महावीर जैन, पंकज कुमार जैन, बंशीलाल कुमावतच, शिक्षिका प्रतिभा बैरागी और रघुकांता शक्तावत मौजूद रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं का काम ठीक नहीं होने से कलेक्टर नाराज, एक निलंबित

**रतलाम, नप्र।** सेहत को लेकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी इंतजाम में आशा कार्यकर्ता खास कड़ी है लेकिन उनका काम ठीक-ठाक नजर नहीं आ रहा है। स्वास्थ्य के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी वे रुचि नहीं ले रही है।

यह बात कलेक्टर अजय कटेसरिया ने कही। जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं को जानने के लिए वे कल यहां बैठक ले रहे थे। विकासखंडवार समीक्षा दौरान रतलाम शहरी क्षेत्र में गर्भवती माताओं के पंजीयन की स्थिति बहुत ही कम पाई। एनीमिया मैनेजमेंट की स्थिति को काफी कमजोर पाए जाने पर वे काफी नाराज हुए और बैठक दौरान ही उन्होंने वार्ड 17 की एएनएम संगीता वसुनिया के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबन की कार्रवाई करने को कहा।कलेक्टर ने कहा कि जिन-जिन क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में रुचि नहीं ले रही है वहां संबंधित एएनएम ऐसी निष्क्रिय आशा कार्यकर्ताओं की नामजद जानकारी दें ताकि नियमानुसार उनकी मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की मैदानी व्यवस्था की एक खास कड़ी हैं इसलिए उनके दायित्वों के निर्वहन की नियमित समीक्षा की जाएं।

खजूरी देवड़ा के स्वास्थ्य भवन को लेकर कलेक्टर को बताया कि भवन शिफ्टिंग दौरान बाउंड्री वॉल को लेकर सरपंच की ओर से समस्या पैदा की जा रही है और भवन का हैंडओवर नहीं लेने दिया जा रहा है।

इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य भवन का तत्काल हैंडओवर लिया जाए। यदि हैंडओवर की कार्रवाई में बेवजह की बाधा पैदा की जाती है तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के माध्यम से संबंधित सरपंच के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बाजना के पुराने भवन में ही नया मेटरनिटी विंग बनाए जाने के निर्देश देते हुए विकासखंड अधिकारियों से स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही समस्याओं को जाना।

## तीन दर्जन सफाई संरक्षकों को नोटिस

**रतलाम, नप्र।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य विभाग अमला शहर साफ स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का काम कर रहा है।

कल भी शहर के अलग-अलग वार्डों में सफाई का काम चला। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण दौरान शहर के कई वार्डों में काम पर जुटे सफाई संरक्षक बिना सूचना के गैर हाजिर पाए गए। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे 37 सफाई संरक्षकों को कारण बताओ सूचनापत्र जारी कर एक दिन का वेतन काटा गया। शहर में स्वच्छता अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अधिकारी परेशानी को गंभीरता से सूने–मालवीय

**रतलाम, नप्र।** राज्य अनुसूचित जाति आयोग सदस्य रामलाल मालवीय कल रतलाम आए। अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित योजनाओं एवं प्रकरणों की समीक्षा के लिए बैठक लेकर चार प्रकरणों की सुनवाई की। मालवीय ने योजनाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेकर निर्देश दिए कि आयोग के समक्ष लंबित प्रकरणों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण किया जाए। कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग ऐसे हकदार जो शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित हैं उनकी पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। तय किया जाएं कि सभी पात्र व्यक्तियों को समान रूप से योजनाओं का लाभ मिले। अधिकारियों से कहा कि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी हो तो उसकी बात गंभीरता से सुनकर समस्या का निराकरण करें।

लंबित मामलों का समय पर निराकरण करना आयोग की प्राथमिकता है। कलेक्टर अजय कटेसरिया, सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, अपर कलेक्टर ब्रजेन्द्र रावत सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

## सुनी आमजन की समस्याएं

**रतलाम, नप्र।** जिले में विभिन्न विकेन्द्रीकृत केन्द्रों पर जनसुनवाई की गई। अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनकर आवेदनों के निराकरण के लिए जरूरी कार्यवाही की।

नगर पालिक निगम रतलाम के अलावा जावरा, सैलाना और आलोट अनुविभाग कार्यालय तथा बाजना एवं पिपलौदा विकासखंड कार्यालय में जनसुनवाई हुई। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारियों ने जनसुनवाआई में आए आवेदकों की समस्याएं को सुना गया।







# आध्यात्मिक राह पर बढ़ें–महामंडलेश्वर

**रतलाम, नप्र।** मनुष्य को अपने भीतर के तमोगुण और विकारों से ऊपर उठकर आध्यात्मिक राह पर बढ़ना चाहिए। केवल शरीर और मन के व्यवहार तक सीमित रहना साधना का उद्देश्य नहीं है। साधक को अपनी चेतना को उच्च स्तर तक ले जाने का प्रयास करना चाहिए।



**आशीर्वाद. राजेन्द्रसिंह गोयल महामंडेश्वर से आशीर्वाद लेते**

अखंड ज्ञान आश्रम पर आयोजित चातुर्मास महोत्सव में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंदजी भारती ने साधना, मंत्र दीक्षा, शक्तिपात और नाद उपासना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक अच्छे साधक, भक्त और शिष्य के जीवन में नाद का विशेष महत्व होता है। मंत्र दीक्षा और शक्तिपात दीक्षा साधना के खास आयाम हैं। स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि नाद और शक्तिपात की साधना के माध्यम से साधक को उच्च आध्यात्मिक अनुभूतियां प्राप्त होती हैं।

दिव्य दृष्टि के महत्व को समझाते हुए कहा कि इन आंखों से भगवान का दर्शन हो जाए तो समझना चाहिए कि जीवन सफल हो गया। भगवान से प्रदान की गई दिव्य दृष्टि से साधक को उस सत्य का अनुभव होता है जिसे सामान्य इंद्रियों से देख पाना संभव नहीं है। श्रीमद् भागवत के संदर्भ में रासलीला को सामान्य घटना न मानते हुए इसे उच्च आध्यात्मिक रहस्य से जोड़कर समझाया। आचार्यश्री ने भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का वर्णन करते हुए कहा कि जब साधक पर भगवान की कृपा कटाक्ष दृष्टि पड़ती है तो उसकी आध्यात्मिक यात्रा को नई दिशा मिलती है। साधना के माध्यम से साधक को इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि उसे अगले जन्म में भी भगवान की प्राप्ति अथवा दिव्य दृष्टि का अनुभव हो सके।




## पर्वाधिराज पर्यूषण के आठ दिन आत्मा के साथ जियो

**रतलाम, नप्र।** पर्वाधिराज पर्यूषण आत्मा को निर्मल बनाने आए है। पर्यूषण के आठों दिन आत्मा के साथ जियो। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मान और माया सभी कषायों से दूर रहकर आत्म साधना करो। आठ दिन अपने मन को मोडना है। यदि इन दिनों में आत्मा की शुद्धि के लिए साधना कर ली तो सुखी हो जाओगे।

प्रवर्तक प्रकाशमुनिजी निर्भय ने कहा कि आत्मा का साध्य आध्यात्मिक और शरीर का साध्य भौतिक सुख की प्राप्ति है। आत्मा से जुडे साधन सुख के कारण और शरीर से जुडे साधन दुख के कारण होते है। आध्यात्मिक सुख जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। पर्यूषण के दिनों में शास्त्र का श्रवण करना चाहिए, जो भी नियम है पालन करना चाहिए।

## श्री राम स्विचगियर्स लिमिटेड

सीआईएन (CIN) : L31200MP1985PLC003026
पंजीकृत कार्यालय : श्री राम भवन, गौशाला रोड, रतलाम (म.प्र.) 457001, भारत
दूरभाष नं. -: 07412 235554
ई-मेल आईडी: info@ shriramswitchgears.com वेबसाइटः Website-www. shriramswitchgears.com

**40 वीं वार्षिक आम बैठक (AGM) की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि **श्री राम स्विचगियर्स लिमिटेड की 40 वीं वार्षिक आम बैठक (AGM) बुधवार, 30 सितंबर 2026 को दोपहर 1:00 बजे कंपनी के** पंजीकृत कार्यालय श्री राम भवन, गौशाला रोड, रतलाम (म.प्र.) 457001 में सूचना में उल्लेखित कार्यों/ व्यवसायों को निष्पादित हेतु आयोजित की जाएगी।

एजीएम **(AGM)** आयोजित करने की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट के साथ जिसमें अन्य बातों के अलावा **31 मार्च 2026** को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय विवरण **(Audited Financial Statements)** तथा उन पर निदेशकों **(Director)** और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, उपस्थिति पर्ची **(Attendance Slip)** और प्रॉक्सी फॉर्म शामिल हैं, रिकार्ड तिथि **(Record Date)** तक आरटीए **(RTA)** के पास उपलब्ध पते पर सदस्यों को पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज दी गई है तथा उक्त सूचना भेजने की प्रक्रिया **08 सितंबर, 2026** को पूर्ण कर ली गई है।

एजीएम **(AGM)** की सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाईट **www. shriramswitchgears. com** पर भी उपलब्ध है।

भवदीय,
**दिनांक : 08/09/2026** — **कृते श्री राम स्विच गियर्स लिमिटेड**
**स्थान : रतलाम**

हस्ता./-
अंजुल चौधरी
पूर्णकालिक निदेशक
(DIN : 08752405)









ics/phd/admission
18, 2027

इंदौर (म.प्र.)
)
नांक 03/09/2026
– 121/2026–27

टाउन कालोनी ग्राम

एस्पायर होम फाइनेंस
नासिया इंद्रौर (म.प्र.)
क – बी 325 / 1 एवं
र (म.प्र.) पर बकाया
कब्जा ही सौंपा गया
यम की धारा 14 में

हेतु न्यायालय अपर
र 03:00 बजे होगी।
की अनुपस्थिति की

सही/–
जिला दण्डाधिकारी
इंदौर (म.प्र.)

दिनांक 03/09/26

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)

# SHRI RAM SWITCHGEARS LIMITED

CIN: L31200MP1985PLC003026
Registered Office: Shri Ram Bhawan, Goushala Road,
Ratlam (M.P.) 457001 IN, Phone : 07412-235554
e-mail : info@shriramswitchgears.com
website : www.shriramswitchgears.com

## Notice of the 40th Annual General Meeting

Notice is hereby given that the **40th Annual General Meeting of Shri Ram Switchgears Limited** will be held on **Wednesday, September 30, 2026, at 1.00 P.M.** at the registered office of the company situated at Shri Ram Bhawan, Goushala Road, Ratlam (M.P.)-457001, to transact the businesses as mentioned in the notice.

Notice convening the AGM together with Annual Report inter alia, including the Audited Financial Statements for the financial year ended March 31, 2026 and reports of Directors and Auditors thereon, Attendance Slip and Proxy Form have been sent to the members through registered post on the address available with the RTA as on the Record Date and dispatch of said notice has been completed on September 08, 2026.

The Annual Report along with notice of AGM is also available on the website of the company **www.shriramswitchgears.com.**

For **Shri Ram Switchgears Limited**
Sd/-
**Anjul Choudhary**
Whole Time Director
(DIN: 08752405)

Date: **08.09.2026**
Place: **Ratlam**